प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आह्वान किया है। आकाशवाणी से कल मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि तिरंगे की शान को कायम रखने का ये अभियान एक अनूठा उत्सव बन गया है। उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया कि जिन्होंने खादी के कपड़े नहीं खरीदे हैं, वे इस वर्ष से इसकी खरीददारी शुरू करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार 4 सौ प्रतिशत की वृद्धि के साथ डेढ़ लाख करोड़ रूपए से अधिक हो गया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश की भुट्टिको सोसायटी के हथकरघा उत्पादों सहित देशभर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि आज देश में कई निजी कंपनियां भी ए.आई. के माध्यम से हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा दे रही हैं। ..

शिक्षा मंत्रालय

शिक्षा मंत्रालय आज नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर सभागार में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2024 के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020–एनईपी के कार्यान्वयन की चौथी वर्षगांठ मनाएगा। अखिल भारतीय शिक्षा समागम की संकल्पना एनईपी 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न हितधारकों की प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए की गई है। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एनईपी 2020 के कार्यान्वयन से जुडे अपने अनुभव साझा करेंगे। केंद्रीय मंत्री विभिन्न भारतीय भाषाओं को सीखने की सुविधा के लिए समर्पित टीवी चौनलों सहित शिक्षा विभाग की कई महत्वपूर्ण पहलों का भी उद्घाटन करेंगे। इसमें स्कूलों में सीखने की

प्रक्रिया को मजेदार और तनाव मुक्त बनाने के अंतर्गत 10 बैगलेस डे का कार्यक्रम भी शामिल है।

चर्चा

संसद के दोनों सदनों में आज केंद्रीय बजट 2024–25 पर चर्चा शुरू होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस महीने की 23 तारीख को बजट पेश किया था। इस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों की ओर से तरह–तरह की प्रतिक्रियाएं आई हैं।

कांस्य पदक

पेरिस ओलंपिक के दूसरे दिन कल भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में भारत का खाता खोला। इसके साथ ही मनु भाकर निशानेबाजी में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। भारतीय निशानेबाज रमिता जिंदल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और अर्जुन बाबूता ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में बीते 24 घंटों के दौरान मॉनसून की व्यापक वर्षा हुई है। प्रदेश के कई भागों में अभी भी रूक–रूककर बारिश का सिलसिला जारी है। इससे किसानों और बागवानों ने काफी राहत महसूस की है। सेब उत्पादित क्षेत्रों के लिए ये बारिश काफी फायदेमंद मानी जा रही है।

इस बीच शिमला में हुई बारिश से पुराना बस अड्डा के साथ गुरुद्वारा के समीप कल फिर से भूस्खलन की घटना सामने आई लेकिन इसमें किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है और यातायात भी सुचारू रूप से चला हुआ है। जिलाधीश शिमला अनुपम कश्यप ने घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुँच कर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिये। अनुपम कश्यप ने बताया लोक निर्माण विभाग को सभी एहतियात बरतने और

मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूर्ण के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने आगामी 31 जुलाई तक प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से........</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने भारी बारिश से आई बाढ़ की खबर को प्रमुखता दी है। **पंजाब केसरी** का शीर्षक है **लाहौल के करपट नाले में बाढ़, लोग घर छोड़कर भागे।** **अमर उजाला** के शब्द हैं **किन्नौर जिले के ज्ञाबुंग–रोपा में फटा बादल, करोड़ों का नुकसान, कुल्लू में 5 घर कराए खाली।** **दैनिक जागरण** ने लिखा है **लाहुल स्पीति व मनाली में बाढ़, 34 घर खाली करवाए।** **दैनिक भास्कर** की सुर्खी है **करपट नाले में बाढ़ आने से ग्रामीणों की 13 बीघा कृषि भूमि में भरी गाद, ग्रामीणों ने भागकर बचाई अपनी जान।**

मिंजर मेले के शुभारंभ की **दैनिक जागरण** ने शीर्षक दिया है **राज्यपाल ने निभाई रस्म, मिर्जा परिवार ने परंपरा।** **दिव्य हिमाचल** और आपका फैसला के लगभग एक जैसे शब्द हैं **राज्यपाल ने किया अंतराष्ट्रीय मिंजर मेले का शुभारंभ, आठ दिनों तक चलेगा आयोजन।** **अमर उजाला** के अनुसार **सांप्रदायिक सदभाव का प्रतीक मिंजर मेला शुरू।**

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है पर्यटन सीजन के दौरान 24 घंटे खुली रहेंगी दुकानें।

आपका फैसला के शब्द हैं **जून तक 1 करोड़ 87 हजार सैलानी आए।**

सुक्खू के दिल्ली से लौटते ही हो सकता है बड़ा प्रशासनिक फेरबदल आपका फैसला की एक खबर है।

प्राकृतिक रूप से तैयार गेहूं को 40 व मक्की को 30 रूपए प्रति किलो की दर से खरीदेगी सरकार दैनिक भास्कर की एक खबर है।